भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 3067
दिनांक 11.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

तमिलनाडु में जल की पहुंच

3067. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में जिला-वार कितने प्रतिशत लोगों तक जल आपूर्ति की सुविधा नहीं है; और
(ख) क्या सरकार ने जल योजनाओं हेतु बजटीय आवंटन में कमी की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय
(श्री रतन लाल कटारिया)

(क) एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईमआईएस) पर तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार दिनांक 04.07.2019 की स्थिति के अनुसार 97.22% कुल आबादी पूर्ण रूप से कवर की हुई है (अर्थात् उनमें 40 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से अधिक स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो रहा है) और 2.78% आबादी आंशिक रूप से कवर की हुई है (अर्थात् उनमें 40 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से कम स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो रहा है)।

तमिलनाडु राज्य में दिनांक 04.07.2019 की स्थिति के अनुसार, पेयजलापूर्ति प्राप्त करने वाली ग्रामीण आबादी के प्रतिशत का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक** पर दिया गया है।

(ख) जी नहीं। वर्ष 2018-19 के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के लिए बजटीय आबंटन 7000 करोड़ रुपए था जो वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए बढ़ाकर 10000.66 करोड़ रुपए किया गया है।

अनुलग्नक

दिनांक 11.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3067 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुलग्नक				
क्र.सं.	**जिला**	**कुल आबादी**	**कुल पूर्ण रूप से कवर की गई आबादी**	**कुल आंशिक रूप से कवर की गई आबादी**
1	अरियालूर	6.69	6.69	0
2	कोयम्बटूर	10.51	10.18	0.33
3	कोडालौर	17.64	17.64	0
4	धर्मापुरी	12.09	12.08	0.01
5	डिंडीगुल	14.74	14.5	0.24
6	ईरोड	11.17	11.1	0.08
7	कांचीपुरम	18.27	17.82	0.44
8	कन्याकुमारी	6.52	6.11	0.4
9	करूर	6.74	5.17	1.57
10	कृष्णागिरी	13.6	13.6	0
11	मदुरै	12.04	12.03	0.01
12	नागापट्टनम	12.69	12.68	0.01
13	नामाकल	10.92	8.46	2.46
14	नीलगिरी	3.03	2.85	0.18
15	पेरामबलूर	4.3	4.3	0
16	पुडुकोट्टी	12.92	12.92	0
17	रामानाथपुरम	9.55	9.55	0
18	सेलम	19.2	19.1	0.1
19	शिवगंगा	9.73	8.98	0.75
20	तंजावुर	16.2	16.2	0
21	थेनी	5.3	5.3	0
22	तूतीकोरिन	9.71	9.48	0.23
23	तिरूचिरापल्ली	14.85	12.56	2.29
24	तिरूनेलवेली	15.79	14.07	1.72
25	तिरुप्पुर	11.11	11.11	0
26	तिरुवल्लुर	15.72	15.72	0
27	तिरुवन्नामलाई	19.92	19.82	0.1
28	थिरूवरूर	9.44	9.44	0
29	वैल्लौर	23.59	23.59	0
30	विल्लूपुरम	28.91	28.91	0
31	विरूधुनगर	12.66	12.59	0.07
	कुल	**395.55**	**384.55**	**10.99**
प्रतिशत			**97.22**	**2.78**

(स्रोत : आईएमआईएस)